Title: Need for construction of a railway overbridge on Faizabad-Ambedkar Nagar Faizabad-Allahabadi and Faizabad-Rai Bareilly highways in U.P.-Laid

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद): सभापति महोदय, उत्तर रेलवे लाइन जनपद फैज़ाबाद अयोध्या स्थित उ.प्र. में पूरे नगरीय क्षेत्र को दो भागो में विरक्त करती हुई लखनऊ से वाराणसी जाती है। ट्रेनों के आवागमन के समय मुख्य मार्गों पर रेल फटकियां बंद होने से सामान्य जन को सभी आवश्यक सेवाओं में बाधा ही नहीं बल्कि वंचित हो जाना पड़ता है। महत्वपूर्ण व्यक्तियों एवं सामान्य जन की आवश्यक सेवाओं की कठिनाई एवं बाधा को देखते हुये फैजाबाद-अम्बेडकर नगर, फैजाबाद-इलाहाबाद, फैजाबाद-रायबरेली मार्ग में से किसी पर उपरगामी रेल ब्रिज बनाने की स्वीकृति प्रदान की जाये।